प्रैस नोट 31 **मार्च** 2021

---

1 अप्रैल से 45 साल से अधिक उम्र वाले सभी व्यक्तियों का होगा टीकाकरण

आवासीय कॉलोनियों एवं औधोगिक इकाइयों में कैंप आयोजित कर किया जाएगा लोगों का टीकाकरण

भारत सरकार के दिशानिर्देश अनुसार प्रदेश में 1 अप्रैल से सभी 45 वर्ष आयु से अधिक के लोगो का टीकाकरण प्रदेश के सभी स्वास्थ्य केन्द्रो पर निशुल्क किया जाएगा| प्रशासन ने इस दिशा में सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है | प्रदेश को कोविड 19 के संक्रमण से बचाये रखने के लिए जरूरी है की प्रदेश के लोगो का तेज़ गति से कोविड 19 का टीकाकरण किया जाये | इस दिशा में काम करते हुऐ प्रशासन ने प्रदेशवासियो की सुविधा एवं कोविड 19 के टीकाकरण को गति देने के लिये प्रदेश की आवासीय कॉलोनियों एवं औधोगिक इकाइयों में कैंप आयोजित कर लोगो का टीकाकरण करने का निर्णय लिया है|

प्रदेश में अभी तक 30000 (तीस हज़ार) से अधिक लोगो का सफतापूर्वक टीकाकरण किया जा चूका है | यह टीकाकरण पूर्ण रूप से सुरक्षित एवं असरदार है | कोविड -19 का संक्रमण की रोकथाम के लिये जरूरी है की अपनी बारी आने पर टीकाकरण करवाएँ एवं कोविड -19 अनुरूप व्यवहार बनाए रखें, मास्क का सही प्रकार से लगाएं, हाथो को बार बार धोते रहें एवं सार्वजनिक स्थानो पर दो गज की दूरी को बनाए रखें| इस के अतिरिक्त संक्रमित राज्यो में यात्रा करने से बचे, यदि आप संक्रमित राज्यो की यात्रा कर के आए है तो पाँच दिनो तक अपने स्वास्थ्य की स्वयं जाँच जाँच करे | यदि आप मे कोई भी कोविड -19 का लक्षण दिखाई दे तो तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें | अधिक जानकारी अथवा अपनी सोसाइटी में टीकाकरण कैंप लगवाने के लिए अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र अथवा प्रदेश हेल्पलाइन -104 पर संपर्क करे |

उपसचिव

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

दादरा एवं नगर हवेली एवं दमण एवं दीव